इलाहाबाद बैंक का हिंदुस्तान मोटर्स के साथ करार

कोलकाता, ४ अक्टूबर (नि.प्र.)। इलाहाबाद बैंक व हिंदुस्तान मोटर्स लि. के बीच एक करार हुआ जिसके तहत साझेतौर पर बैंक व्यावसायिक वाहनों की खरीद के लिए वित्त उलपलब्ध करायेगा। करार पर इलाहाबाद बैंक की ओर से महाप्रबंधक रिटेल क्रेडिट के श्री बिभाष कुमार श्रीवास्तव व हिंदुस्तान मोटर्स के महाप्रबंधक दिव्येंदु चटर्जी ने हस्ताक्षर किए। मौके पर जे.पी. दुआ चेयरमैन व प्रबंधनिदेशक इलाहाबाद बैंक, मनोज झा, प्रबंधनिदेशक हिन्दुस्तान मोटर्स आदि उपस्थित थे। इस करार के फलस्वरूप इलाहाबाद बैंक अपने ग्राहकों को वाणिज्यक वाहनों की खरीद के लिए हिंदुस्तान मोटर्स के उत्पादों पर प्राथमिकता के आधार पर बाधारहित सुविधाएं उपलब्ध कराएगा। यह सुविधा ग्राहकों को बैंक की देश भर में फैली २३६३ शाखाओं के द्वारा वाणिज्यिक वाहन वित्त योजना के अंतर्गत वाहनों की खरीद पर उपलब्ध होगी।